दिन– शुक्रवार दिनांक– 08 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर और परिसर की समग्र विकास योजना का शिलान्यास किया।

02. श्री शाह ने लगाया आरोप– विपक्षी दल एसआईआर के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

03. गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियों के जलस्तर में हो रही लागतार वृद्धि से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर।

04. और, राजगीर में आज से दो दिवसीय एशिया रग्बी अंडर–ट्वेंटी सेवेन्स चैंपियनशिप शुरू।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में देवी सीता को समर्पित भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मंदिर का शिलान्यास और भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ।

–––बाईट–––

हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि मंदिर निर्माण कार्य को लेकर लोग उत्साहित हैं।

–––रिपोर्ट–––

मंदिर के शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करते हुये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर और परिसर के समग्र विकास पर आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

–––बाईट–––

श्री शाह ने कहा कि यह मंदिर मिथिलांचल और बिहार के भाग्योदय की शुरूआत है।

–––बाईट–––

केन्द्रीय गृह मंत्री ने लालू कार्यकाल की आलोचना करते हुये कहा कि उनके समय में बिहार के लिए रेल का बजट कम था।

———बाईट———

श्री शाह ने आरजेडी कार्यकाल की आलोचना करते हुये सवाल किया कि लालू प्रसाद ने मिथिलांचल के विकास के लिए क्या किया।

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास कार्यों के लिए केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सीतामढ़ी और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रसे ट्रेन की शुरूआत होने बाद आस–पास के लोगों को काफी फायदा होगा।

———बाईट———

केन्द्रीय गृह मंत्री ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के मुद्दे को लेकर लालू प्रसार और राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करते हुये कहा कि वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

———बाईट———

श्री शाह ने कहा कि विपक्षी दल ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बेवजह सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

———बाईट———

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख्य नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

---

मानूसन की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले के मदनपुरा में सबसे अधिक एक सौ बीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। वहीं, सीतामढ़ी के बोखरा में एक सौ आठ, अररिया में एक सौ एक दशमलव छह और औरंगाबाद जिले में बयासी दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, शिवहर, भागलपुर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, पूर्णियां, कटिहार, और किशनगंज जिले के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

---

इधर, नदियों में जलस्तर बढ़ने के कारण पटना, सारण, खगड़िया, भोजपुर और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पटना जिले के आठ प्रखंडों की लगभग एक लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भागलपुर जिले में भी गंगा के बढ़ते जलस्तर से कई प्रखंडों के दर्जनभर गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग–अस्सी से सटे कई गांवों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

–––बाईट–––

गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि से एन एच 80 से सटे तिलक पुर, गन गनिया, महेशी, इंग्लिश चिच रौन, अकबरनगर, खेरे हिया, और किशनपुर के पास बसी पंचायतों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। वहीं, पीरपैंती, कहलगांव, सनहोला, सबौर, नाथनगर की कई पंचायतें बाढ़ की चपेट में आ गयी हैं। टी एम बी यू के प्रशासनिक भवन कैंपस, गर्ल्स हॉस्टल में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इधर, जिले के हवाई अड्डा मैदान में आशियाना लेने आए बाढ़ पीड़ितों को राष्ट्रपति के संभावित कार्यक्रम के मद्दे नजर खाली कराया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, मुंगेर जिले में भी गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ गया है। तटवर्ती इलाकों मे बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के चार प्रखंडों की कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सड़कों पर पानी फैलने के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है।

–––रिपोर्ट–––

खगड़िया जिले में गंगा, कोसी, बूढ़ी गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण परबत्ता, गोगरी, बेलदौर समेत सदर प्रखंड की तीन पंचायतों और खगड़िया नगर निकाय क्षेत्र के वार्ड नम्बर–तीस तक पानी फैल गया है। इससे बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। कई संपर्क पथों पर पानी आ जाने से आवागमन बाधित हो गया है। स्कूलों में पानी आ जाने की वजह से प्रभावित चार प्रखंडों के बत्तीस विद्यालयों में चौदह अगस्त तक पठन पाठन स्थगित कर दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में 51 नावों का परिचालन किया जा रहा है। डीएम नवीन कुमार ने गोगरी के एसडीओ को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत सामग्री मुहैया कराने का निर्देश दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

---

नालंदा जिले के राजगीर में आज दो दिवसीय एशिया रग्बी अंडर–ट्वेंटी सेवेन्स चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि बिहार में खेल विश्वविद्यालय और खेल अकादमी की स्थापना के बाद राज्य में खेल के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।

प्रतियोगिता में चीन, हांगकांग, यूएई, उज्बेकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका समेत नौ देशों के एक सौ बानवे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दलों से अब तक कोई दावा–आपत्ति नहीं मिली है। एक सितम्बर तक दावा–आपत्ति के लिए आवेदन लिये जा सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा।

---

निर्वाचन आयोग ने आज विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही उन खबरों का खंडन किया जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा रातोंरात अपनी वेबसाइट से कई राज्यों की ई–मतदाता सूची हटाने की बात की गई है। आयोग ने इन खबरों को गलत बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति वोट्र्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर छत्तीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से किसी की भी मतदाता सूची डाउनलोड कर सकता है।

---

आय से अधिक संपत्ति के मामले में विशेष निगरानी की टीम ने जहानाबाद में पदस्थापित डीएसपी संजीव कुमार के पटना, जहानाबाद और खगड़िया स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। डीएसपी संजीव कुमार पर एक करोड़ बावन लाख रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इस दौरान टीम ने कई अहम दस्तावेज, जमीन के कागजात, बैंक खातों की जानकारी, संदिग्ध निवेश से संबंधित कागजात और कीमती सामान बरामद किए हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर और परिसर की समग्र विकास योजना का शिलान्यास किया।

02. श्री शाह ने लगाया आरोप– विपक्षी दल एसआईआर के मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

03. गंगा, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी समेत कई नदियों के जलस्तर में हो रही लागतार वृद्धि से तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति हुई गम्भीर।

04. और, राजगीर में आज से दो दिवसीय एशिया रग्बी अंडर–ट्वेंटी सेवेन्स चैंपियनशिप शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।